2. Training programmes to equip members with latest trends in technology and business: WMEG has been organizing IT workshops for women members. The Workshops aim to teach hands-on skills to participants, provide learning about new developments in this field and to enhance their IT skills which they require in the profession.

3. Programmes to help members specialize in emerging areas of audit, accounting and consulting: WMEG has been regularly organizing various programmes for professional enhancement and capacity building of women members.

4. "Train the Trainer" Programme to train & prepare the Women Members for the role of faculty and to provide them a platform to enhance their general management & communication skills. The major focus of this training programme is on upgrading the teaching, training, and research skills of trainers especially those who have not had an opportunity to acquaint themselves with recent developments in teaching methods.

5. Creating specific professional opportunities for women and work towards their empowerment: WMEG endeavours to give special attention to Women Members to enable them to effectively utilize their professional knowledge and expertise in the profession of Chartered Accountancy. WMEG encourages women members to involve themselves as Resource Person in various women empowerment programmes, in GMCS & Orientation Programmes, Certificate & Post Qualification Courses and also to act as Examiners, Observers, Paper Checkers, Technical Reviewers, etc., in a manner that the work schedules are flexible. WMEG endeavours to train Women Members for the role of Independent Directors in the board of companies, under the provisions of the Companies Act, 2013. For the same, the Committee has been organizing programmes on Women Independent Directors and programmes wherein sessions on Independent Director are taken up by eminent faculty.

6. Portal for Women Members (www.womenportal.icai.org) The WMEG also has a dedicated portal "Women Portal" running under its aegis which aims to provide a platform to women members to articulate their views and concerns pertaining to Chartered Accountancy profession. The portal is running with an objective to provide flexi working/part time working opportunities to women members.

According to a global study, the basic traits required for success in accounting profession are naturally found in women. "Some of the natural traits of women making them able accounting professionals are: honesty, integrity, ethical conduct, attention to details, accuracy, accountable, effective communication skills, people centric, etc," the study says. The track record of the performance of women in the professional world has proved that they don't need any preferential treatment, but only need equal opportunity to work and excel. Indian women need to be encouraged mainly because their immense potential still remains untapped and uncapitalised. Let's recall what Mahatma Gandhi said: You must be the change you wish to see in the world.

4. WOMEN IN INDIA AND RELATED REGULATORY FRAMEWORK

Throughout history, women have been battling against patriarchy and a predominantly misogynistic society. And the struggle is now paying off with ever-increasing number of women stepping out to join the economic and social mainstream. Though India today has the largest women workforce (27% of total workforce) after China, they are mostly performing in the sectors of agriculture and construction and as domestic help. We urgently need to address this issue. Our Constitution too strongly supports the cause of gender equality by empowering the State to adopt strong measures in favour of women. While Article 14 of the Constitution gives them equal rights in political, economic and social spheres. Article 15 prohibits us to discriminate on the basis of gender. Article 39 asks for equality in remuneration. Contract Labour (Abolition and Regulation) Act and Rules, 1970 recommends separate provision for utilities and fixed working hours for women.

As per Section 46(b) and 50 of the Employees State Insurance Act, 1948, insured women are entitled to claim maternity benefits on account of pregnancy, premature birth of child or miscarriage. As a result of a vibrant women's movement in the last 50 years, policies to advance human rights for women in India are substantial and forward-thinking, such as the Domestic Violence Act (2005), and the 73rd and 74th Amendments to the Constitution that provide reservations for women to enter politics at the Panchayat level. There are multiple national and state level governmental and non-governmental mechanisms such as the Women's Commission to advance these policies. While the law of the land is doing everything possible to create a gender-sensitive work environment for women professionals, it also becomes a responsibility for members of the noble profession of accountancy to empower women in profession, and recommend the same to industry.

5. CONCLUSION

The aims at empowering its women members and students not because they are discriminated or less capable, but because their professional capacities yet remain largely unutilized. Women can be Indian accountancy profession's competitive advantage, if they are brought to the fore and core of our profession. Some basic limitations related to the women professionals like inflexible working practices, family and work life balance, and issues encountered during pregnancy and motherhood, need to be addressed. Indeed, the empowerment and increased presence of women in Indian accounting fraternity can further empower and strengthen the profession and the society as a whole.

REFERENCES

1. Women and Men in India, A statistical compilation of Gender related Indicators in India (2018)
2. Reecha Upadhyay, WOMEN'S EMPOWERMENT IN INDIA An Analytical Overview (2016)
3. http://www.accountabilityindia.org/pdf/Panchayat Brief1.pdf 4.
   http://archive.idea.int/women/parl/studies4a.htm
5. http://www.onlinewomeninpolitics.org/india/indian.pdf

व्यक्तित्व विकास मनोवैज्ञानिक अध्यन

डॉ. योगेश कुमार बाथम
राजनीति शास्त्र विभाग,
शासकीय आदर्श कन्या महाविधालय
श्योपुर (मध्य प्रदेश)

डॉ. उर्मिला बाथम
अर्थशास्त्र विभाग,
शासकीय प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज
बापू डिग्री, नौगाँव, छतरपुर
(मध्य प्रदेश)

शोध सार : -

संसार में ऐसे व्यक्तित्व वाले लोग भी होते हैं, जिनका जीवनकाल असफलता-अप्रसन्नता और सामाजिक अस्वीकृति से भरा हुआ होता है, लेकिन आधुनिक युग में खुशमिजाज व्यक्तित्व वाले व्यक्ति का बहुत महत्व है। उसे अधिकांश लोग पसन्द करते हैं। वह सभी के साथ समायोजित होने में सफल रहता है। उसके जीवन में सफलता, खुशियाँ और सामाजिक स्वीकृति जब चाहे तब मिलती रहती है। इन्हीं गुण और विशेषताओं से व्यक्ति जो भी चाहे वह सब कुछ अर्जित कर सकता है। यह भी तब ही सम्भव है जब वह इसके लिए अन्तर्मन से सतत् प्रयास किया जाए। आज किशोरावस्था से युवावस्था तक के व्यक्ति में अपने व्यक्तित्व को उन्नत करने की बहुत चाह रहती है। प्रत्येक आयु वर्ग के ww स्त्री-पुरुष अपने व्यक्तित्व को बेहतर बनाना पसन्द करते हैं और वे इस दिशा में प्रयास भी कर रहे हैं।

उद्देश्य : -

इस शीर्षक का उद्देश्य व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं के विकास में प्रेक्षाध्यान के महत्व व उपयोगिता को उजागर करना है। व्यक्तित्व विकास को प्रभावित करने वाले अनेक w कारक तत्व हैं। उसमें से व्यक्तित्व के अपने अधीन विशेषकर मनोवैज्ञानिक कारक तत्व होते हैं। उनका विकास चाहे तो व्यक्ति स्वयं कर सकता है, इससे वह अपने व्यक्तित्व को प्रभावशाली तथा और अधिक उन्नत बना सकता है। अतः प्रस्तुत शोध-पत्र में हम इसका अध्ययन करेंगे। व्यक्तित्व को जानने के लिए हजारों साल से विद्वानों और जनमानस में यह रुचि रही है।

भारतीय चिन्तनधारा में मानव व्यक्तित्व के सिद्धान्तों का विवेचन, वेद-उपनिषद, सांख्य योग, जैन आगम और बौद्ध पिटक में विस्तृत रूप से हुआ है। यहाँ मुख्यतः व्यक्तित्व को जीवात्मा कहा गया है। इसी प्रकार पश्चिम में भी व्यक्तित्व सिद्धान्त का इतिहास पुराना रहा है। इसकी उत्पत्ति पौराणिक, ग्रीक जैसे प्लेटो तथा अरस्तू द्वारा मानव स्वभाव एवं व्यवहार के बारे में व्यक्त किए गए विचारों से हुई है।

वर्तमान युग में आधुनिक मनोवैज्ञानिकों ने व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं का विभिन्न दृष्टिकोण से विस्तार पूर्वक अध्ययन किया। इसका परिणाम यह हुआ कि आज व्यक्तित्व के बारे में अनेक सिद्धान्त प्रचलन में है। सिद्धान्त वस्तुतः किसी विषय-वस्तु से सम्बन्धित एक दृष्टिकोण से किए गए विचारों का संग्रह है। दूसरे शब्दों में व्यक्तित्व के जितने भी सिद्धान्त हैं वे वास्तव में विभिन्न प्रकार के दृष्टिकोणों एवं विचारधाराओं के प्रतिनिधि हैं।

व्यक्तित्व का अध्ययन करते समय किसी एक सिद्धान्त को समग्र रूप से सही नहीं माना जा सकता। कोई सिद्धान्त अपने आप में पूर्ण नहीं है। सभी सिद्धान्तों में कुछ न कुछ विशेषताएँ हैं और उनकी अपनी कुछ सीमाएँ भी हैं। हमारा प्रयास यह होना चाहिए कि प्रत्येक सिद्धान्त में जो-जो विशेषताएँ हैं उन्हें सही प्रकार से व्यवस्थित कर लें, इसके लिए

- व्यक्ति की उन बातों को जो ठीक लगे उन्हें व्यक्ति में देखने का प्रयास करें।
- निरीक्षण के द्वारा प्राप्त तथ्यों का हम विधिवत् वर्गीकरण करें।
- उनके आपसी सम्बन्धों को समझने का प्रयास करें।
- अन्त में देखें कि वे व्यक्तित्व के स्वरूप को किस प्रकार स्पष्ट करती हैं।

व्यक्तित्व के अध्यान क्षेत्र में सर्वप्रथम व्यवस्थित अध्ययन मनोचिकित्सा शास्त्रियों द्वारा ww प्रारम्भ किया गया। ₹फ्रायड का इस दिशा में योगदान अधिक महत्वपूर्ण और लोकप्रिय रहा। सन् 1980 से मनोविज्ञान के क्षेत्र में व्यक्तित्व सम्बन्धी अध्ययन को बढ़ावा मिला इन अध्ययनों के फलस्वरूप व्यक्तित्व मनोविज्ञान का क्षेत्र बहुत बढ़ गया है।

व्यक्तित्व को विकसित करने और दिशा देने में कुछ तत्वों का विशेष योगदान है, जिन्हें हम व्यक्तित्व के निर्धारक तत्व कहते हैं। व्यक्तित्व विकास पर संस्कृति की भी अहम् भूमिका होती है। संस्कृति का व्यक्तित्व पर प्रभाव जन्म से ही पड़ता है और यह प्रभाव जीवन पर्यन्त चलता रहता है। संस्कृति में परिवर्तन बहुत कम होते हैं। इसकी प्रकृति अपेक्षाकृत स्थाई होती है।

व्यक्तित्व की दृष्टि से व्यक्ति तीन प्रकार के हो सकते हैं :-

1- विख्यात

2- सामान्य

3- कुख्यात ।

जिनके विशेष शीलगुण राष्ट्र पर या विश्व स्तर पर विकसित हो जाते हैं वह व्यक्तित्व राष्ट्र स्तर पर या अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर महान व्यक्तित्व का धनी बन जाता है। जैसे महात्मा गांधी, आचार्य श्री महाप्रभु जिनके बाहरी या आन्तरिक गुण सामान्य स्तर के होते हैं।

निष्कर्ष : -

प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन अनेक प्रकार की स्थितियों-परिस्थितियों के सम्पर्क में आता है। वे परिस्थितियाँ कुछ सरल होती हैं तो कुछ जटिल भी होती हैं। उन परिस्थितियों के साथ व्यक्ति अपने गुणों के आधार पर अपना तालमेल या समायोजन बिठाने में सफल हो जाता है। इस समायोजन की प्रक्रिया में जो सफल होता है प्रायः उस व्यक्ति को समायोजित व्यक्तित्व कहते हैं। दूसरी ओर जो व्यक्ति समायोजन करने में सफल होता है उसे कुसमायोजित व्यक्तित्व कहते हैं। व्यक्तित्व का विघटन भी प्रायः एक जैसा नहीं होता है। अधिकतर यह व्यक्ति के किसी एक क्षेत्र विशेष में होता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची -

1- डॉ. सीताराम जायसवाल, व्यक्तित्व सिद्धान्त, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पटना, www 1981, प्रथम संस्करण

2- डॉ. डी.एन. श्रीवास्तव, व्यक्तित्व का मनोविज्ञान, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा, 1999 www

3- https://ncert.nic.in, आत्म एवं व्यक्तित्व

4- व्यक्तित्व सिद्धान्त के निर्धारक तत्व, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली

भारत की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत की ज्ञान परंपरा

डॉ. परवीन वर्मा

'हिंदी विभाग,
शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय,
श्योपुर (मध्य प्रदेश)

खेमराज आर्य

इतिहास विभाग,
शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय,
श्योपुर (मध्य प्रदेश)

सारांश :-

भारत में अथाह महासागर की तरह ही ज्ञान परंपरा में समृद्धि, संपन्नता, वैभवशालीता, मौलिकता, आध्यात्मिकता, विभिन्नता में एकता, सहिष्णुता, समन्वय, अहिंसा, सत्य, नैतिकता, धार्मिक-सामाजिक व साम्प्रदायिक सदभावना, आपसी सह्योग, परोपकारिता, सहनशीलता, संवेदनशीलता आदि की विशालता दिखाई देती है। भारत सनातन काल से ही ज्ञान परंपरा के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश रहा है। इसकी ज्ञान परंपरा से ही विश्व ने समता, स्वतंत्रता, बंधुता, सत्यनिष्ठता, कर्तव्यपरायणता, मानवता आदि से ही प्रेरणा प्राप्त की है।

ज्ञान परंपरा से आशय उस अमूल्य, अमूर्त धरोहर से होता है, जो कि अपनी मौलिकता को हर संकट, विपत्ति और विपरीत परिस्थितियों में भी अक्षुण बनाये रखती है चाहे उस पर कितना भी प्रहार किया गया हो। और वो अपनी प्राचीनता और मौलिकता के गुण के आधार पर समय के साथ ताल से ताल मिलाकर चलती रहती है व विकास की गाथा को सुरक्षित भी रखती है।

भारत की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत अविस्मरणिय है, जिस पर शायद ही कोई ऐसा भारतीय नागरिक हो जो गर्व न करता हो। यदि साहित्य की बात शुरू करे तो ऋग्वेद से लेकर आज तक के ग्रंथ ज्ञान के भण्डार से कम नहीं है। चार वेद, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद, पुराण, महाकाव्यों के साथ साथ ही बौद्ध व जैन साहित्य भी ज्ञान के अमूल्य कोश है।

सांस्कृतिक विरासत के क्षेत्र में गीत, लोकगीत, संगीत, नृत्यकला, नाट्यकला, स्थापत्यकला, चित्रकला, लोककला, बर्तन, आभूषण, वस्त्र, पाककला, काष्ठ कला, मिट्टी शिल्प आदि का विकास मानव समाज की उत्पत्ति से लेकर आज तक भी विकसित होने के साथ अपने रीति-रिवाज, संस्कार को अक्षुण रखें हुए है।

साहित्यिक विरासत :-

साहित्य में सर्वप्रथम आता है धार्मिक साहित्य, जिसमें सबसे पहले सनातन या ब्राह्मण साहित्य के रूप में वेदों की रचना की गई। वेद चार है, भारत ही नहीं वरन् विश्व के साहित्य में ज्ञात लिखित प्रथम पुस्तक ऋग्वेद है। इससे तत्कालीन भारतीय समाज की धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक परंपराओं की जानकारी प्राप्त होती है। इसके पश्चात अन्य वेद सामवेद, यजुर्वेद और सबसे अंत में अथर्ववेद की रचना की गई। वेद भारतीय ज्ञान परंपरा के अग्रणी ग्रंथ है, जिनसे मानव के सर्वांगीण विकास के मार्ग को आध्यात्मिक रूप से प्राप्त करने की बात कही गई है।

इनके पश्चात सात ब्राह्मण सात आरण्यक, 108 उपनिषद दो महाकाव्य - 'वाल्मीकि' रचित रामायण व 'महर्षि वेदव्यास' रचित महाभारत, अठारह पुराण स्मृति ग्रंथ आदि ग्रंथों की रचना संस्कृत में की गई। इस साहित्य से भारतीय समाज की आधारशिला रही वर्णव्यवस्था, 16 सोलह संस्कार, 4 पुरुषार्थ व 8 विवाह पद्धतियाँ की विस्तार से जानकारी प्राप्त होती है। जो आज भी अपने अस्तित्व के साथ अडिग खड़े हुए है।

ब्राह्मण साहित्य के समान ही पाली भाषा में बौद्ध धार्मिक साहित्य व प्राकृत भाषा में जैन साहित्य लिखा गया। बौद्ध साहित्य में सर्वप्रथम त्रिपिटकों त्विनयपिटक, सुत्तपिटक त्अभिधम्मपिटक में बौद्ध दर्शन, नियम, बौद्ध के विचार, 550 जातक कथाएँ जिनमें की महात्मा बुद्ध के पूर्वजन्मों की कहानियाँ मिलती है। व ललितविस्तर, महावस्तु, दीपवंश, महावंश, मिलिन्दपन्हों आदि भी बौद्ध साहित्य है जिनसे तत्कालीन समय के समाज की जानकारी प्राप्त होती है। बौद्ध साहित्य के बाद प्राकृत भाषा में रचित जैन साहित्य आता है। इस साहित्य में 12 अंग, 12 उपांग, 10 प्रकीर्णक, 6 छेदसूत्र, 5 मूलसूत्रों के साथ ही अन्य जैन ग्रंथों से भी तत्कालीन समय के समाज की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। यदि ऐतिहासिक साहित्य की बात बात की जाये तो ये साहित्य राजा-महाराजाओं की वीरता-धीरता, वैभवता, सांस्कृतिक विरासत के निर्माण में उनके योगदान की भी गाथा कहता हुआ दृष्टिगोचर होता है। चाहे चाणक्य कृत अर्थशास्त्र, पाणिनि कृत अष्टाध्यायी, आर्यभट्ट कृत आर्यभट्टियम, चरक कृत चरक संहिता, बाणभट्ट कृत हर्षचरित, कादम्बरी, कल्हण कृत राजतरंगिणी आदि उस समय के प्रसिद्ध महा-मनीषियों के ज्ञान की खान से कम नहीं है। इन ग्रंथों से भी तत्कालीन समय के समाज की जानकारी प्राप्त होती है। इस साहित्यिक विकास के साथ ही सुदूर दक्षिण भारत में भी संगम साहित्य से दक्षिण भारत की सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, आर्थिक व सांस्कृतिक विरासत के विषय में जानकारी प्राप्त होती है। प्रमुख ग्रंथ है तोल्लकाप्पियर रचित त्तोल्काप्पियमत्र, इलंगोआदिगल रचित शिल्पादिकारम्,

सांस्कृतिक विरासत :-

भारत की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत एक ऐसी ज्ञान परंपरा का वाहक रही है, जो अनेक विपत्तियों के बाद भी वर्तमान में भी अपनी मौलिकता, यथार्थता के साथ दृढ़ता से खड़ी हुई है। प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा आज भी अपनी संस्कृति को बचाये हुए है और इसके दर्शन आम-जनमानस में हम वर्तमान में भी पाते हैं। सास्कृतिक विरासत के क्षेत्र में सर्वप्रथम हम स्थापत्यकला के बारे में बात करेंगे। भारतीय स्थापत्यकला पूर्णता विकसित व

परिपक्वता पर पहुँच चुकी है। भारत में स्थापत्यकला के प्रमाण यत्र तत्र बिखरे पड़े हैं। साँची, सारनाथ, बौधगया, भरहुत, कार्ले आदि स्थानों पर बौद्ध धर्म से संबंधित स्तूप, स्तंभ, गुफाएं, बौद्ध विहार, जैन मंदिर, मठ-मंदिर, किले, गढ़ियाँ, बावड़ियाँ, गुफाओं के चित्र (बाघ, अजंता, एलोरा आदि) आदि इसके प्रत्यक्ष प्रमाण प्रस्तुत करते हैं।

अभिलेखों ने भी भारतीय ज्ञान परंपरा को प्रचारित व प्रसारित किया है। जैसे कलिंग राजा - खारवेल का हाथीगुम्फा अभिलेख, रूद्रदामन् का जूनागढ़ अभिलेख, गौतमी बलश्री का नासिक अभिलेख, समुन्द्रगुप्त का इलाहबाद अभिलेख (प्रयाग प्रशस्ति), चालुक्य शासक पुलकेशिन् द्वितीय का ऐहोल अभिलेख, मालवा नरेश यशोवर्मन् का मंदसौर अभिलेख, प्रतिहार राजा भोज का ग्वालियर अभिलेख, गुप्त सम्राट चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य का मैहरोली स्तंभ अभिलेख आदि से तत्कालीन समय की जानकारी के साथ ही उस समय की जानकारी प्राप्त होती है।

महान ऋषियों की भी भारत में एक लंबी परंपरा रही है, जिनके उपदेशों व शिक्षाओं ने तत्कालीन समय से लेकर वर्तमान तक भी हमेशा भारतीय जनमानस को एक रास्ता दिखाने का कार्य करते रहे। यथा- वशिष्ठ, विश्वामित्र, वाल्मीकि, वेदव्यास, चाणक्य, महात्मा बुद्ध, महावीर स्वामी, पूरण कश्यप, चार्वाक, मक्खलि पुत्र गौशाल आदि। विज्ञान व गणित के क्षेत्र में भी भारत हमेशा से ही विश्व के देशों में अग्रणी रहा है। चाहे खगोल शास्त्र हो, चिकित्सा विज्ञान हो, रसायन शास्त्र हो, गणित हो हर क्षेत्र में भारत ने अनेक उपलब्धियां प्राप्त की है। वराहमिहिर, आर्यभट, भास्कराचार्य, चरक, सुश्रुत आदि ने इन क्षेत्रों में विशेष ख्याति प्राप्त की।

इसके साथ ही 16 संस्कार, 4 पुरुषार्थ, 8 विवाह पद्धति संस्कार, सत्य, अहिंसा, करूणा, परोपकार, उदारता, मानवता, समन्वय, सहयोग, क्षमा, दान, उपवास, तीज-त्यौहार आदि के विचारों ने भी भारतीय संस्कृति को सुरक्षित बनाये रखा है। चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत कला, नृत्य कला, काष्ठ कला, मिट्टी कला, सिक्के निर्माण कला, धातुकला आदि क्षेत्रों में भी भारत की एक अलग ही सांस्कृतिक पहचान थी, जोकि वर्तमान तक भी दिखाई देती है।

संदर्भ ग्रंथ :-

1. सिंघानिया, नितिन, भारतीय कला एवं संस्कृति, MCGrawHilleducation, Chennai.
2. पट्टनायक, देवदत्त, भारतीय संस्कृति, कला एवं विरासत, पियर्सन इण्डिया एजुकेशन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा.
3. कुमार, डॉ. संजय, इतिहास, ज्ञान वितान प्रकाशन, जयपुर.
4. पाण्डे, एस. के., प्राचीन भारत, प्रयाग एकेडमी पब्लिकेशन एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, इलाहाबाद. 5. श्रीवास्तव, के.सी., प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति, यूनाईटेड बुक डिपो, इलाहाबाद.

भारतीय वाणिज्य में ज्ञान परंपरा की ऐतिहासिक और आधुनिक भूमिका

प्रो. प्रकाश कुमार अहिरवार
वाणिज्य विभाग,
शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय,
श्योपुर (मध्य प्रदेश)

डॉ. एस. डी. राठौर
'वाणिज्य विभाग,
पीएमसीओई शासकीय पीजी महाविधालय
श्योपुर (मध्य प्रदेश)

शोध सारांश : -

भारत ने संस्कृति और ज्ञान के क्षेत्र में अनमोल योगदान दिया है। लगभग 5000 साल पहले, जब दुनिया की कई सभ्यताएँ केवल खानाबदोश थीं, भारत में सिंधु घाटी सभ्यता की हड़प्पा संस्कृति विकसित हो चुकी थी। यह विश्व का पहला विश्वविद्यालय, तक्षशिला, 700 ईसा पूर्व में स्थापित हुआ, जहां 10500 से अधिक छात्रों ने 60 से अधिक विषयों का अध्ययन किया। चौथी शताब्दी ईसा पूर्व में निर्मित नालंदा विश्वविद्यालय प्राचीन भारत की शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। भारतीय ज्ञान परंपरा को अब कई प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में एक विशिष्ट विषय के रूप में शामिल किया गया है, और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी इसे विशेष महत्व दिया गया है।

इस संदर्भ में, भारतीय व्यापार प्रणाली का भी अध्ययन अत्यंत महत्वपूर्ण है। वैश्विक स्तर पर, लोग भारतीय सांस्कृतिक परिवेश और प्राचीन व्यापारिक प्रणाली के प्रति गहरी उत्सुकता दिखा रहे हैं। भारतीय व्यापार प्रणाली की औपचारिक और अनौपचारिक पद्धतियाँ इसकी विविधता को दर्शाती हैं। विभिन्न राज्यों में लेखा पद्धतियों और वित्तीय नववर्षों में भिन्नताएँ भौगोलिक परिस्थितियों पर निर्भर हैं, और जाति व्यवस्था का भी आर्थिक गतिविधियों पर प्रभाव पड़ा है।

प्राचीन काल से भारतीय व्यापार में सतत विकास और सामाजिक जिम्मेदारी की अवधारणाएँ मौजूद रही हैं। भारतीय व्यापार प्रणाली में बहुमूल्य धातुओं में निवेश, दान, विदेशों में काम कर रहे भारतीयों द्वारा परिवारों को भेजे जाने वाले धन, और सतत विकास की अवधारणाएँ महत्वपूर्ण हैं। इन विशेषताओं का अध्ययन और शोध करना इसलिए आवश्यक है क्योंकि भारत आज विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारतीय व्यापार प्रणाली की गहरी समझ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की संभावनाओं को बढ़ा सकती है और निवेशकों तथा व्यापारियों के लिए सहायक सिद्ध हो सकती है। इसके अतिरिक्त, भारतीय ज्ञान प्रणाली के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और वैश्विक स्तर पर वाणिज्य में अधिकतम सफलता प्राप्त की जा सकेगी।

कीवर्डस : -

भारतीय ज्ञान परंपरा, वाणिज्य, प्राचीन व्यापार, आर्थिक नीतियाँ, वैश्विक व्यापार

प्रस्तावना : -

भारत की प्राचीन सभ्यता ने दुनिया को न केवल सांस्कृतिक और ज्ञान की धरोहर दी है, बल्कि व्यापार और वाणिज्य की समृद्ध परंपराओं में भी अमूल्य योगदान प्रदान किया है। भारतीय ज्ञान परंपरा, विशेष रूप से वाणिज्य के क्षेत्र में, हजारों वर्षों की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक यात्रा से जुड़ी हुई है, जिसने भारतीय समाज की आर्थिक और सामाजिक संरचनाओं को गहराई से प्रभावित किया है। इस परंपरा ने व्यापारिक गतिविधियों को दिशा और नियमन प्रदान किया, साथ ही समाज के नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी सहेजा और प्रोत्साहित किया।

प्राचीन भारत में वाणिज्य केवल आर्थिक लाभ का साधन नहीं था, बल्कि यह सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिकता की अवधारणाओं से भी जुड़ा था। व्यापारिक व्यवहार को एक व्यवस्थित रूप देने के साथ-साथ, भारतीय वाणिज्य ने पारदर्शिता, नैतिकता और समाज के प्रति जिम्मेदारी को महत्वपूर्ण माना। वेद, धर्मशास्त्र, और अर्थशास्त्र जैसे शास्त्रों में वाणिज्य की विभिन्न परंपराएँ समाहित हैं, जिनमें वेदों में व्यापारिक आदर्श, मनुस्मृति और याज्ञवल्क्य स्मृति में नैतिकता और नियम, और कौटिल्य का अर्थशास्त्र में व्यापारिक नीतियों की विस्तृत चर्चा शामिल है।

आज के वैश्विक परिप्रेक्ष्य में, जहां वैश्वीकरण और डिजिटल परिवर्तन प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं, प्राचीन भारतीय वाणिज्य की परंपराएँ और सिद्धांत भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। इस शोध पत्र का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा में वाणिज्य की संरचनाओं, सिद्धांतों और प्रक्रियाओं का गहराई से विश्लेषण करना है। यह अध्ययन यह दिखाएगा कि ये प्राचीन परंपराएँ आज के व्यापारिक परिदृश्य में कैसे लागू की जा सकती हैं और वैश्विक वाणिज्य में भारतीय दृष्टिकोण को कैसे समाहित किया जा सकता है।

शोध उद्देश्य : -

भारतीय ज्ञान परंपरा और वाणिज्य के बीच के संबंधों की गहराई और उनकी पारस्परिक प्रभावशीलता को समझना। इस शोध का लक्ष्य यह है कि प्राचीन भारतीय ज्ञान और वाणिज्यिक प्रथाएँ कैसे एक-दूसरे को प्रभावित करती रही हैं और कैसे ये ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण आज के वाणिज्यिक परिदृश्य को प्रभावित कर रहे हैं।

परिकल्पना : -

यह मान्यता है कि भारतीय ज्ञान परंपरा ने वाणिज्यिक प्रथाओं को नैतिक, कानूनी, और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से निर्देशित किया। प्राचीन शास्त्रों और ग्रंथों में उल्लिखित व्यापारिक सिद्धांत और प्रथाएँ, जैसे कि मनुस्मृति और अर्थशास्त्र, ने व्यापारिक नैतिकता, लेन-देन की पारदर्शिता, और आर्थिक नीतियों की नींव रखी।

शोध विधि : -

इस शोध में ऐतिहासिक और साहित्यिक विश्लेषण विधियाँ अपनाई जाएंगी। प्राचीन ग्रंथों, शास्त्रों, और ऐतिहासिक दस्तावेजों का गहन अध्ययन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, आधुनिक वाणिज्यिक प्रथाओं और नीतियों पर चर्चा के लिए केस स्टडीज़ और तुलनात्मक विश्लेषण किया जाएगा। डेटा संग्रह के लिए प्राथमिक स्रोतों (ग्रंथ, ऐतिहासिक दस्तावेज़) और द्वितीयक स्रोतों (शोध पत्र, समकालीन विश्लेषण) का उपयोग किया जाएगा।

भारतीय ज्ञान परंपरा : -

भारत की ज्ञान परंपरा हजारों वर्षों पुरानी है और यह न केवल धार्मिक और दार्शनिक चिंतन में, बल्कि वाणिज्य और व्यापार के क्षेत्र में भी अत्यंत समृद्ध रही है। वेद, उपनिषद, पुराण, महाभारत, रामायण, और विभिन्न ग्रंथों में व्यापार, प्रबंधन और आर्थिक सिद्धांतों के बारे में गहरा ज्ञान प्रस्तुत किया गया है। भारतीय ज्ञान परंपरा का अध्ययन हमें प्राचीन व्यापारिक विधियों, लेखा पद्धतियों, और प्रबंधन कौशल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

प्राचीन भारतीय समाज ने व्यापार को केवल आर्थिक गतिविधि के रूप में नहीं देखा, बल्कि इसे समाज के विभिन्न वर्गों की सामाजिक और सांस्कृतिक आवश्यकताओं को पूरा करने का एक महत्वपूर्ण साधन माना। व्यापार और वाणिज्य की प्राचीन भारतीय परंपराएँ, जैसे कि वस्त्र व्यापार, आभूषण निर्माण, और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मार्गों का निर्माण, भारत को एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक केंद्र बना दिया था। इसके अलावा, भारतीय व्यापारियों ने विभिन्न व्यापारिक संघों का निर्माण किया था जो उनके व्यवसायिक हितों की रक्षा करते थे और व्यापारिक मानक स्थापित करते थे।

भारतीय ज्ञान परंपरा और वाणिज्य : -

भारतीय ज्ञान परंपरा और वाणिज्य का सम्बन्ध गहरा और ऐतिहासिक है। भारतीय ज्ञान परंपरा में व्यापार और वाणिज्य का विशेष स्थान रहा है, जिसे प्राचीन ग्रंथों और शास्त्रों में भी देखा जा सकता है। वेद, उपनिषद, और पुराणों में व्यापार की विधियों और आर्थिक नीतियों का वर्णन मिलता है। प्राचीन भारत में 'व्यापारशास्त्र' और 'नितिशास्त्र' जैसे ग्रंथों ने व्यापारिक गतिविधियों और नीतियों पर गहरी जानकारी प्रदान की। भारत के व्यापारी न केवल स्थलीय मार्गों पर व्यापार करते थे, बल्कि समुद्री मार्गों पर भी सक्रिय थे, जैसे कि 'सिल्क रोड' और 'स्पाइस रूट'। वाणिज्य की यह समृद्ध परंपरा भारतीय समाज के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है। भारतीय व्यापारियों ने सोने, चांदी, मसाले, वस्त्र, और अन्य वस्तुओं के व्यापार के माध्यम से वैश्विक बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा, भारतीय गणित और विज्ञान ने व्यापारिक गणनाओं को सटीक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान किया, जिससे व्यापार और वाणिज्य में स्थिरता और वृद्धि हुई। इस प्रकार, भारतीय ज्ञान परंपरा ने वाणिज्य के क्षेत्र में न केवल एक समृद्ध विरासत छोड़ी है, बल्कि वैश्विक व्यापारिक नेटवर्क को भी आकार दिया है।

अध्ययन की आवश्यकता और महत्व : -

भारतीय ज्ञान परंपरा और वाणिज्य का अध्ययन न केवल भारतीय संस्कृति और आर्थिक इतिहास को समझने के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह वर्तमान वाणिज्यिक प्रथाओं और नीतियों को भी प्रभावित करता है। इस अध्ययन की आवश्यकता और महत्व को कई दृष्टिकोणों से समझा जा सकता है:

1. ऐतिहासिक संदर्भ

भारतीय ज्ञान परंपरा में वाणिज्य का अत्यधिक महत्व रहा है। प्राचीन भारतीय ग्रंथों जैसे कि वेद, उपनिषद, और पुराणों में व्यापार और वाणिज्य की विधियों पर गहराई से चर्चा की गई है। ये ग्रंथ न केवल व्यापारिक प्रक्रियाओं और नियमों को स्पष्ट करते हैं, बल्कि यह भी दिखाते हैं कि व्यापार और वाणिज्य सामाजिक और आर्थिक जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। भारतीय व्यापारी न केवल स्थानीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी व्यापार करते थे, जैसे कि 'सिल्क रोड' और 'स्पाइस रूट' पर।

2. आधुनिक संदर्भ

आज के वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारतीय ज्ञान परपरा और वाणिज्य का अध्ययन अत्यधिक महत्वपूर्ण है। भारतीय अर्थव्यवस्था की जड़ें प्राचीन व्यापारिक प्रथाओं और नीतियों में हैं। भारतीय वित्तीय प्रथाओं, व्यापारिक नैतिकता और निवेश के तरीकों को समझने से आधुनिक वाणिज्यिक निर्णयों में मदद मिलती है। उदाहरण के लिए, प्राचीन भारतीय ग्रंथों में व्यापारिक अनुशासन और ऋण प्रबंधन के सिद्धांत वर्णित हैं, जो आज भी आर्थिक स्थिरता और निवेश रणनीतियों में लागू हो सकते हैं।

3.सांस्कृतिक दृष्टिकोण

भारतीय ज्ञान परंपरा और वाणिज्य का अध्ययन सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। यह अध्ययन भारतीय व्यापारिक संस्कृति और परंपराओं को समझने में मदद करता है। भारतीय व्यापारियों की सच्चाई, ईमानदारी और पारदर्शिता की परंपराएँ आज भी वाणिज्यिक प्रथाओं में देखी जाती हैं। भारतीय व्यापारी समुदाय की विविधता और सांस्कृतिक धरोहर को समझने से वैश्विक व्यापारिक सहयोग और सांस्कृतिक आदान- प्रदान को प्रोत्साहित किया जा सकता है।

4. शिक्षा और अनुसंधान

भारतीय ज्ञान परंपरा और वाणिज्य का अध्ययन शिक्षा और अनुसंधान के लिए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह अध्ययन छात्रों और शोधकर्ताओं को प्राचीन वाणिज्यिक विधियों और नीतियों के अध्ययन के लिए प्रेरित करता है, जिससे नई नीतियों और प्रथाओं का निर्माण संभव हो सके। इसके अतिरिक्त, यह अध्ययन भारतीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक संबंधों को बेहतर ढंग से समझने में सहायक होता है।

5. आर्थिक विकास

भारतीय ज्ञान परंपरा का अध्ययन आर्थिक विकास के लिए भी अनिवार्य है। प्राचीन व्यापारिक ग्रंथों से प्राप्त ज्ञान को आधुनिक वाणिज्यिक प्रथाओं में लागू करने से आर्थिक नीतियों और प्रबंधन में सुधार हो सकता है। यह भारतीय व्यापारिक नीतियों को वैश्विक मानकों के अनुसार ढालने में भी मदद करता है।

इस प्रकार, भारतीय ज्ञान परंपरा और वाणिज्य का अध्ययन एक समृद्ध ऐतिहासिक विरासत को समझने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने, और आधुनिक वाणिज्यिक प्रथाओं को बेहतर बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह अध्ययन न केवल अतीत की समझ प्रदान करता है, बल्कि भविष्य की आर्थिक रणनीतियों और नीतियों को भी प्रभावित करता है।

निष्कर्ष : -

भारतीय ज्ञान परंपरा और वाणिज्य पर शोध पत्र का निष्कर्ष इस तथ्य को स्पष्ट करता है कि भारतीय ज्ञान परंपरा और वाणिज्य का गहरा और जटिल संबंध रहा है, जो प्राचीन काल से लेकर आधुनिक युग तक प्रभावशाली रहा है। प्राचीन भारत में, वेद, उपनिषद, और शास्त्रों ने व्यापार, वाणिज्य और आर्थिक नीतियों की नींव रखी। 'यज्ञ' और 'धर्म' के संदर्भ में वाणिज्यिक गतिविधियाँ आर्थिक और सामाजिक दायित्वों के हिस्से के रूप में मान्य थीं।

संस्कृत ग्रंथों जैसे कि मनुस्मृति और अर्थशास्त्र ने व्यापार के नैतिक और कानूनी पहलुओं को स्पष्ट किया, जिससे एक सुव्यवस्थित वाणिज्यिक प्रणाली का निर्माण हुआ। इन ग्रंथों ने व्यापारिक लेन-देन, कराधान, और व्यापारिक आचार-व्यवहार को नियंत्रित करने के लिए सिद्धांत प्रदान किए। मध्यकालीन भारत में, व्यापारिक गतिविधियाँ और आर्थिक नीतियाँ स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उन्नति की ओर अग्रसर हुई। भारतीय व्यापारिक नेटवर्क ने विविध वस्त्र, मसाले, और वस्तुएं विभिन्न देशों तक पहुँचाई, जो भारतीय वाणिज्य की वैश्विक स्थिति को सुदृढ़ करता है।

आज के संदर्भ में, भारतीय ज्ञान परंपरा वाणिज्य की आधुनिक व्यवस्थाओं को समझने और विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह प्राचीन ज्ञान और आधुनिक वाणिज्यिक प्रथाओं का संगम भारतीय अर्थव्यवस्था की विकासशील दिशा को मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस प्रकार, भारतीय ज्ञान परंपरा और वाणिज्य का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य और मौजूदा प्रासंगिकता व्यवसायिक नीति और आर्थिक रणनीतियों के विकास में एक अमूल्य योगदान करता है।

संदर्भ सूची -

1. सारस्वत, डॉ. भानु. (2008). भारतीय वाणिज्य: एक ऐतिहासिक दृष्टिकोण. नई दिल्ली: प्राचीन भारत अध्ययन संस्थान.
2. खान, प्रोफेसर मोहम्मद. (2011). भारतीय व्यापार और वाणिज्य की परंपराएँ. जयपुर: भारतीय आर्थिक ग्रंथालय.
3. सिंह, डॉ. अमरजीत. (2015). प्राचीन भारतीय व्यापार: सिद्धांत और अभ्यास. वाराणसी: ज्ञानवर्धन पब्लिकेशन.
4. राय, डॉ. अजय. (2017). वेदों में व्यापार और वाणिज्य: एक विश्लेषण. पटना: प्राचीन संस्कृति अनुसंधान संस्थान.
5. शर्मा, डॉ. गीता. (2019). भार भारतीय वाणिज्य: ऐतिहासिक और आधुनिक दृष्टिकोण. दिल्ली: समकालीन अनुसंधान प्राधिकरण.
6. मिश्रा, डॉ. संजय. (2020). भारतीय ज्ञान परंपरा और आर्थिक नीतियाँ. कोलकाता: अर्थशास्त्र केंद्र.
7. सिंगला, डॉ. रवींद्र. (2021). प्राचीन भारतीय वाणिज्य की सामाजिक और सांस्कृतिक आयाम. मुंबई: सांस्कृतिक अध्ययन संस्थान.
8. भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा की भूमिका पर शोध. (2022). सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संदर्भ. अहमदाबाद: भारतीय ज्ञान पत्रिका.
9. मुखर्जी, डॉ. रंजन. (2023). वैश्विक अर्थव्यवस्था और भारतीय व्यापार परंपराएँ. भोपाल: आधुनिक अर्थशास्त्र केंद्र.
10. पटनायक, डॉ. सुमिता. (2024). वाणिज्य और आर्थिक प्रबंधन में भारतीय प्राचीन ग्रंथों का प्रभाव. हैदराबाद: भारतीय प्रबंधन संस्थान.
11. चंद्रकांत शर्मा, भारतीय अर्थशास्त्र और वाणिज्य (2020).
12. अरविंद शर्मा, प्राचीन भारत में व्यापार और वाणिज्य (2018).
13. देवेंद्र सिंह, आधुनिक वाणिज्य और भारतीय ज्ञान परंपरा (2022).
14. ए. के. सिंह, भारतीय वाणिज्यिक इतिहास (2019).
15. नीना शर्मा, वाणिज्यिक नीतियाँ और भारतीय परंपरा (2021).
16. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020
17. वेद
18. उपनिषद
19. मनुस्मृति
20. याज्ञवल्क्य स्मृति
21. कौटिल्य का अर्थशास्त्र

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और भारतीय ज्ञान परंपरा

डॉ. संगीता शाक्य

समाज शास्त्र विभाग
शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय
श्योपुर (मध्य प्रदेश)

शोध सार : -

भारतीय संस्कृति एवं संस्कृत का मूल आधार ही भारतीय परंपरा है। भारतीय ज्ञान परंपरा भारतवर्ष में प्राचीनकाल से चली आ रही शिक्षा प्रणाली है, इसके अंतर्गत वेद, वेदांग, उपनिषद, श्रुतिस्मृति से लेकरविभिन्न प्रकार के दर्शनशास्त्र, धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र शिक्षाशास्त्र, नाट्यशास्त्र, प्रबंधन एवं विज्ञान, विद्याशाखा इत्यादि के अथाह ज्ञान के भंडार हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत शिक्षा को विद्या, ज्ञान, दर्शन, प्रबोध, प्रज्ञा एवं भारतीइत्यादि शब्दों से परिभाषित किया गया है। भारतीय ज्ञान प्रणाली के स्वर्णिम इतिहास का अध्ययन करने पर यह ज्ञात होता है कि, प्राचीन समय में इस परंपरा का अभीष्ट उद्देश्य ज्ञान की प्राप्ति करते हुए विद्यार्थी के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना तथा उसे समाजउपयोगी एवंमोक्षगामी बनाना था।

भारतीय ज्ञान परंपरा प्रज्ञा का प्रतीक है जिसमें, ज्ञान एवं विज्ञानलौकिक एवं पर-लौकिक कर्म एवं धर्म तथा भोग व त्याग का अद्भुत समन्वय रहा है। इस प्रकार प्राचीन समय से ही शिक्षा के प्रति भारतीय ज्ञान परंपरा का दृष्टिकोण अत्यंत व्यापक एवं गहन रहा है। वर्तमान समय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन-अध्यापन में विशेष बल दिया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत के सनातन ज्ञान एवं विचारों के समृद्ध आलोक में निर्मित की गई है। इसके आधार स्तंभों में भारतीय ज्ञान परंपरा को भी केंद्रीय स्तंभ माना गया है। इस दिशा में नई पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अभिनव पहल की है। इसके अंतर्गत प्रत्येक विषय की पाठ्यचर्या में भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित ऐसेसंप्रत्ययों को जोड़ा जा रहा है जिनके अध्ययन द्वारा, निश्चित रूप से ही नई पीढ़ी के विद्यार्थियों में भारतीय होने का गौरवबोध जागृत होगा।

उद्देश्य : -

स्वतंत्रता के 75 वर्ष बाद भी हम अपने दार्शनिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक ज्ञान, समाजिक घनिष्ठता तथा समन्वय से दूर है। भारत उदय हेतु हमें अपने ज्ञान को जानना, समझना एवं फैलाना परम आवश्यक है। आदिकाल से ही भारत देश अपने धर्मग्रंथों, संस्कृति एवं बहुभाषीय गुण के लिए प्रसिद्ध रहा है, यह तीनों गुण केवल शब्द मात्र नहीं अपितु प्रत्येक भारतीय के भाव है जो, उसे अपने देश की संस्कृति से विरासत में मिले हैं। भारतीय शिक्षा व्यवस्था का स्वरूप व्यावहारिक एवं दैनिक जीवन को सुचारू रूप से संचालित करने में सहायक रहा है। इससे यह ज्ञातत्व होता है कि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 केवल भारत के गौरवशाली इतिहास को ही हमारी शिक्षा का अंग नहीं बना रही है बल्कि, भूतकाल में जन्में सभी महान व्यक्तित्व जैसे चरक, रामानुजन, सुश्रुत आर्यभट्ट, बुद्ध, रविदास, वाल्मीकि, बिस्मिल्लाह, महात्मा गांधी, भगतसिंह, गार्गी, आपला, घोषा, सावित्री, रमाबाई, चांदबीबी रजियासुल्तान, मदरटेरेसा, एनी बेसेंट आदि के विचारों एवं कार्यों को वर्तमान की प्रासंगिकता के अनुरूप शिक्षा के सभी स्तरों में शामिल करने का प्रयास कर रही है। जिससे एकस्वस्थ भारतवर्ष एवं संस्कृति को पुनःस्तंभित किया जा सके।

यह शिक्षा नीति ऐसी कल्पना करती है कि, बालक अपने ज्ञान, व्यवहार बौद्धिक कौशल से स्थाई विकास, समृद्ध जीवन यापन एवं वैश्विक कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध बन सके, तथा उसे एक वैश्विक नागरिक माना जा सके। इस कल्पना को वास्तविक रूप प्रदान करने के लिए सनातन ज्ञान परंपरा तथा विचार एवं मूल्यों को ज्ञान के साथ एकीकृत करना होगा ना कि, एक अलग विषय के रूप में स्थापित करके ज्ञान प्रदान किया जाए। इस लेख का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता का विश्लेषण करना है।

प्रस्तावना : -

भारतीय लोग आज भी अपनीपरंपरा और मूल्योंको बनाए हुए हैं। विभिन्न संस्कृति और परंपरा के लोगोंके बीच की घनिष्ठता ने भारत देश बनाया है। जिसमें मानव जीवन के लिए, भाव, राग और ताल समाहित है। इसलिए हम कह सकते हैं कि, भारतीय संस्कृति, वेद, तंत्र एवं योग की त्रिवेणी है। विगत दिनों में प्रख्यात चिंतक जे. नंदकुमार जी ने एक कार्यकर्म में, प्राध्यापकों को बताया था कि, हजारों साल पहलेवेदों की रचना हुई, ऐसे सैकड़ो उदाहरण ऋगवेद में देखने को मिलते हैं। ऋग्वेद की शुरुआती ऋचाओं में कहा जाता है कि, आ नो भद्राःयंतु विश्वतः अर्थात 'सात्विक साधु विचार हर दिशा से आने दो। स्वयं को किसी चीज से वंचित न करो। अच्छी बातों को ग्रहण करो, तभी भला होगा।' प्राचीन काल से ही हमारा देश उच्च मानवीय मूल्यों एवं विशिष्ट वैज्ञानिक परंपराओं का देश रहा है भारत की संस्कृति रही है कि, भारत ने दुनिया को अलग-अलग देश के रूप में माना ही नहीं है।

"अयम निजः परोवेतिगणना लघु चेतसाम। उदारचरितनाम तु वसुधैव कुटुंबकम्"

महाउपनिषद के इस सिद्धांत के आधार पर भारत दुनिया को एक परिवार मानता है, यह अलग बात है कि पाश्चात्य सभ्यता की आपाधापी मेंहम भी यह गलती से समझने लगे कि, यह सभ्यता भौतिकवाद पर टिकी है, ना की ज्ञान और अध्यात्म पर। इस सदी के उत्तरार्धसे पश्चिमी सभ्यता वाले देश भारतीय संस्कृति और सभ्यता को अपनाने और जाननेपर जोर देने लगे है। वेदों, उपनिषदों, स्मृतियों और यहां की जीवन शैली को जानने के लिए अपने

यहां कई विभाग से लेकर शोध संस्थानों की स्थापना करने लगे हैं। भारत की परंपराओं को आज विश्व भी अपना रहा है, हमें और हमारी भावी पीढ़ियों को भी भारत के प्राचीन मूल्य को यथोचित महत्व देना होगा। इसके लिए आंतरिक ज्ञान, गुण, शक्ति एवं आदर्शों को ठीक रूप से पहचानना एवं सही दिशा प्रदान करना होगा।

भारतीय ज्ञान परंपरा : -

भारतीय ज्ञान विज्ञान की यह सनातन परंपरा अनादि काल से ही है, चाहे तक्षशिला हो, नालंदा हो, या विक्रमशिला सभी विश्वविद्यालयों के ज्ञान केंद्र में परंपरा जुड़ी रही है। अतः वैदिक काल से ही भारत की ज्ञान परंपरा उच्च स्तरीय रही है, हम सबस्कूल के दिनों से ही पाइथागोरस प्रमेय से परिचित होते रहे हैं, लेकिन यह जानना दिलचस्प होगा कि पाइथागोरस से कई सौ साल पहले भारत में इसका प्रयोग किया जाने लगा था। पाइथागोरस जिस गणित को दुनिया के सामने लेकर आए उससे कई सौ साल पहलेबौधायनने शुल्व सूत्र में इसकी विस्तार से चर्चा कर दी थी आज भी भारत का हर राजमिस्त्री लंबे धागे के साथ वजन लगाए रखता है, और भवन निर्माण में उसका तरह तरह से बखूबी इस्तेमाल करता है वहशुल्व सूत्र की ही उपज है। इसी उपकरण की मदद से वैदिक काल में लोग विभिन्न आकार वाली यज्ञ वेदी की रचना करते थे। किसी यज्ञ के लिए किस क्षेत्रफल और आकार प्रकार की यज्ञवेदी बनाई जावेगी। समाज की इसआवश्यकता को पूरा करने के लिए गणित का उपयोग किया गया और रेखागणित (ज्योमेट्री) उत्पन्न हुई। दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर दिनेश सिंह बताते हैं कि, भारतीय ज्ञान विज्ञान की परंपरा में केवल बोधायन ही नहीं रहे हैं बल्कि कात्यायन भी हुए हैं, ऐसे तमाम गणितज्ञ भारत में हुए हैं जिन्होंने सामाजिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर गणित की रचना की कुल 16 शुल्व - सूत्र लिखे गए निश्चित रूप से पाइथागोरस का प्रमेय गणित का ऊंचा सिद्धांत है। वर्तमान समय में भी शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय दृष्टिकोण को विकसित करने की जरूरत है। शिक्षा में भारतीय पुरातन ज्ञान परंपराव संस्कृतिके समावेश के नजरिए से यह संगम मात्र विकल्प नहीं है बल्कि, इस दिशा में सच्चा प्रयास है।

भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा कला, संस्कृति, दर्शन, समाजशास्त्र, विज्ञान व प्रबंधन समेत विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करती है। हमें इस दृष्टिकोण को शिक्षा के क्षेत्र में अपनाकर राष्ट्र के विकास की प्रक्रिया को और मजबूत बनाना होगा। मौजूदा शिक्षण पद्धति में पश्चिम पक्षीय झुकाव ज्यादा है, ऐसे में शिक्षण पद्धति में भारतीय दृष्टिकोण के विकास के लिए, गैरसरकारी व स्वायत्त प्रयासों को बढ़ावा देना, बदलते वैश्विक परिवेश में समय की जरूरत बन चुका है।

मैंसमझती हूं कि, भारत के ऊपर जैसे-जैसे पाश्चात्य सभ्यता का प्रभाव पड़ता गया, वैसे-वैसे इसकी सनातनी ज्ञान विज्ञानपरंपरा छिन्न-भिन्न होती रही है। हालांकि नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालयों के पतन के बाद से ही इसकी शुरुआत हो गई थी और विद्या का स्तर नीचे आने लगा था। इसका मतलब यह नहीं है कि हम, वर्तमान विश्वविद्यालयीन शिक्षा परंपरा को पूरी तरह खारिज कर दें। क्योंकि विकल्पहीनता के दौर में इन विश्वविद्यालयों ने एक विकल्प दिया था। इन्हीं शिक्षा संस्थानों से कई प्रतिभाएं निकली हैं, लेकिन आजादी के बाद हम जिस रास्ते पर चले, उससे भारतीय ज्ञान परंपरा का अधिक नुकसान हुआ है। आज भारतीय ज्ञान परंपरा को स्थापित करने की ही नहीं बल्कि, इस ज्ञान के व्यापक भंडार को खोजने की जरूरत है। प्राचीन ग्रंथो में छुपे हुए इस ज्ञान विज्ञान के खजाने को खोज कर उसे सावरकर मानव कल्याण के लिए इस्तेमाल में लाने की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सनातन ज्ञान परंपरा की उपयोगिता : -

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत के सनातन ज्ञान एवं विचारों से समृद्ध परंपरासे प्रेरित होकर निर्मित की गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रमुखस्तंभों में भारतीय ज्ञान परंपरा को भी एक महत्वपूर्ण स्तंभ माना गया है। जहां शिक्षा की प्राथमिक इकाई (पूर्व प्राथमिक शिक्षा) से लेकर, शिक्षा की अंतिम इकाई (प्रौण शिक्षा) तक भारतीय ज्ञान को स्थापित करने का प्रयास किया गया है। यह शिक्षा नीति ऐसी कल्पना करती है कि, शिक्षार्थी अपने ज्ञान व्यवहार, बौद्धिक कौशल से स्थाई विकास, समृद्धजीवन यापन एवं वैश्विक कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध बन सके। तभी उसे एक वैश्विक नागरिक माना जा सकता है। इस कल्पना को वास्तविक रूप प्रदान करने के लिए सनातन ज्ञान परंपरा, प्रथा, विचार एवं मूल्यों को नवचरित ज्ञान के साथ एकीकृत करना होगा ना कि, एक अलग विषय के रूप में स्थापित करके ज्ञान प्रदान किया जाए तभी बालक का विकास सनातनी ज्ञान अनुरूप संभव है।

एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था जिसमें कोई भी शिक्षार्थी सामाजिक, आर्थिक, बौद्धिक एवं अन्य भेदभाव के कारण पीछे नहीं रहेगा। इसके लिए सर्व शिक्षा अभियान को समग्र शिक्षा के रूप में परिभाषित करते हुए वर्ष 2030 तक सभी बच्चों का प्राथमिक स्कूलों में 100% नामांकन करने का लक्ष्य रखा गया है। जो भारत को नई विकास की दिशा देने में सहायक होंगे । (NEP 2020) भाषा रूपी असंगतता को समाप्त करते हुए इस शिक्षा नीति ने, सभी बच्चों की प्राथमिक स्तर की शिक्षा को अपनी मातृभाषा (हिंदी) या स्थानीय भाषा (गैर हिंदीप्रदेश हेतु) में प्रदान करने की बात कही है। जिससे की, बालक को अपनीमूलभूत आवश्यकताओं एवं मूल्यों को जानने एवं समझने में आसानी होगी। इसके द्वारा बालक अपनी अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकेगा। सामाजिक विज्ञान में समाहित लक्ष्य एवं विषय (इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीति, भूगोल आदि) भारतीय ज्ञान परंपरा स्थापत्य कला एवं परंपरा आदि के बारे में सीखने-सिखाने का सुअवसर प्रदान करती है। इसी प्रकार भाषागत साहित्य एवं अन्य विषयों के पाठ्यक्रम में स्थानीय ज्ञान एवं सनातन ज्ञान की उपलब्धता बालक को अपने देश के विषय में जानने में मदद करेगी।

अतएव जहां कहीं भी संभव हो सके कला, संगीत, भाषा, साहित्य, नाट्यकला आदि सभी विषयों में भी इसे वैज्ञानिक रूप से स्थापित करने का प्रयास करना होगा। वहीं इसके अन्य पक्ष पर ध्यान दिया जाए तो हमें, पाठ्यक्रम निर्माण एवं शिक्षाण के समय भी यह ध्यान रखने की आवश्यकता होगी कि, भारतीय ज्ञान किसी सूचना या महत्वपूर्ण बिंदु को (किसी कोष्ठक या बॉक्स में बंद) के रूप में ना प्रस्तुत करके किसी प्रकार की कहानी या विस्तार रूप में व्याख्यान विवरण दिया जाना चाहिए। तभी बालकों को उसके प्रति रुचि में वृद्धि होगी। उदाहरण के लिए अगर शिक्षकलोकतंत्र के बारे में कक्षा में शिक्षण प्रदान कर रहा है तो उसे, लोकतंत्र से पूर्व भारत के प्रारंभ में प्रचलित राज व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्था या किसी उपलब्धि से छात्रों को अवगत कराया जाना चाहिए। जिससे वह नवीन ज्ञान के साथ प्राचीन ज्ञान को भी आत्मसात कर सके। इसे सतत रूप में प्रवाहमान बनाए रखने हेतु अभिनय, प्रतियोगिता,

भाषण, वाद-विवाद, भ्रमण आदि तरीकों को भी अपनाया जाना चाहिए। इससे बच्चों में भारतीय इतिहास परंपरा तथा साहित्य के प्रति जागरूकता एवं विवधता का सृजन होगा

निष्कर्ष : -

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा व्यवस्था में स्थान दिए जाने से हमें भारतीय ज्ञान परंपरा को विकसित करने का सुअवसर मिला है। आज भारत की शैक्षणिक संस्थाओं को इस कार्य के लिए आगे आना होगा, और समर्पित भाव से ऐसी परियोजनाओं में जुटना होगा जिनसे की हम आगे आने वाली पीढ़ी को इस ज्ञान का बोध करा सकें। भारतीय ज्ञान परंपराएं मनुष्य की आंतरिक शांति और मन की भावनाओं को नियंत्रण में रख सकती हैं। आज हमारे सामने कई समस्याएं हैं जिनका समाधान करने के लिए, भारत की शिक्षा व्यवस्था को सुद्रण बनाना होगा। इस हेतु सनातन ज्ञान एवं वर्तमान ज्ञान को एकीकृत करना अति आवश्यक है। भारतीय ज्ञान परंपरा को ध्यान में रखते हुए शिक्षार्थियों को ज्ञान प्रदान किया जाना चाहिए । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में दिए गए निर्देशों एवं कार्यों को पूरा करने के लिए यह आवश्यक है कि हम पहले इन निर्देशों को एक खोजपूर्ण तरीके से ग्रहण करें। तत्पश्चात निर्माण, शिक्षणअभिकल्प एवं अधिगम संबंधी उपकरण आदि पर ध्यान केंद्रित करें। केवल सत्यपूर्ण एवं वैज्ञानिकता के आधार पर ही हम भारतीय ज्ञान परंपरा एवं सनातन ज्ञान को सुचारू रूप से आगे बढ़ा सकते हैं। तभी आगामी पीढ़ी इस भारतीय गौरव को आगे अनुभव कर सकेगी। इस शिक्षा नीति के द्वारा हम भारत को विश्व गरु बनाने का स्वप्न पूर्ण कर सकते हैं।

संदर्भ सूची : -

1. प्रो. गीता सिंह (2022) भारतीय ज्ञान परंपरा की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) मंप्रासंगिकता, Aarhant multi disciplinary International Education Research journal
2. NEP (2020) national education policy New DELHI MHRD
3. पत्रिका मीडिया नवचिंतन जनवरी- मार्च 2018

वैश्विक संस्कृतिपर भारतीयज्ञान परंपरा का प्रभाव

प्रो. रामदयाल मकवाना
'अर्थशास्त्र विभाग,
शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय
श्योपुर (म. प्र.)

राजाराम मुवेल
अर्थशास्त्र विभाग,
शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय
श्योपुर (म. प्र.)

शोध सारांश : -

किसी भी देश की ज्ञान प्रणाली का मूल घटक उसका स्वदेशी ज्ञान होता है। यह शोध पत्र भारतीय ज्ञान परंपरा एवं स्वदेशी ज्ञान की वैश्विक परिदृश्य में प्रासंगिकता एवं महत्व को परिभाषित करके एक सिंहावलोकन प्रस्तुत करता है, जो किसी संस्कृति या समाज के लिए अद्वितीय है और स्थानीय स्तर केनिर्णय के लिए आधार बनाता है। भारतीयज्ञान परंपरा का विश्व की अन्य संस्कति से गहरा संबंध रहा है। भारतीय ज्ञान परंपरा का वैश्विक संस्कृति पर गहरा और व्यापक प्रभाव है। यह प्रभाव प्राचीन काल से लेकर वर्तमान तक देखने को मिलता है। भारतीय ज्ञान परंपरा में दर्शन, विज्ञान, गणित, योग, आयुर्वेद, और कला जैसे विविध क्षेत्रों में अद्वितीय योगदान किया है। भारतीय दर्शन, विशेषकर वेदांत, बौद्ध और जैन विचारधाराओं ने विश्व भर में आध्यात्मिकता और दर्शन को समृद्ध किया है। महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद, और महर्षि महेश योगी जैसे भारतीय विचारकों ने वैश्विक स्तर पर अहिंसा, शांति, और मानवता के विचारों को फैलाया।

भारतीय योग और ध्यान की परंपरा ने विश्वभर मे स्वास्थ्य, मानसिक शांति और आत्म-विकास के साधन के रूप में व्यापक मान्यता प्राप्त की है। आज, योग दिवस को विश्व स्तर पर मनाया जाता है, जो भारतीय योग परंपरा के वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है। भारतीय विद्वानों ने गणित, खगोल विज्ञान, और चिकित्सा विज्ञान में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शून्य की खोज, दशमलव प्रणाली, और आयुर्वेद जैसी प्राचीन विधाओं ने वैश्विक विज्ञान को समृद्ध किया है। भारतीय ज्ञान परंपरा ने न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और वैज्ञानिक क्षेत्रों में अमूल्य योगदान दिया है। यहपरंपरा आजभीजीवित है और लगातार वैश्विक संस्कृति को प्रभावित कर रही है,

जिससे एक अधिक समृद्ध, स्वस्थ और शांतिपूर्ण विश्व की दिशा में योगदान हो रहा है। भारतीय ज्ञान परंपरा का महत्व कई दृष्टिकोणों से देखा जा सकता है, और इसका प्रभाव भारतीय समाज, संस्कृति और वैश्विक ज्ञान परंपरा पर भी स्पष्ट रूप से नजर आता है। यहाँ कुछ प्रमुख बिंदु हैं जो इसके महत्व को दर्शाते हैं।

सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत : -

भारतीय ज्ञान परंपरा प्राचीन समय से विकसित होती आ रही है और इस मे वेद, उपनिषद, पुराण, और महाकाव्यों जैसे ग्रंथशामिल हैं। इन ग्रंथों में जीवन, धर्म, और ज्ञान के गहरे पहलुओं पर चर्चा की गई है, जो भारतीय संस्कृति और सभ्यता के मूलभूत तत्व हैं। फिलॉसॉफी और ध्यानः भारतीय ज्ञान परंपरा में अद्वैतवेदांत, और अन्य दार्शनिक प्रणाली शामिल हैं जो जीवन के उद्देश्यों, योग, आत्मा की पहचान और मानसिक शांति पर जोर देती हैं। ये प्रणालियाँ न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि आधुनिक मनोविज्ञान और तनाव प्रबंधन में भी योगदान दे रही हैं।

वैज्ञानिक और गणितीय योगदान : -

भारत ने गणित, खगोलशास्त्र, और आयुर्वेद में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शून्य का आविष्कार, त्रिकोणमिति के सिद्धांत, और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियाँ इन योगदानों के प्रमुख उदाहरण हैं। ये न केवल भारतीय समाज के लिए, बल्कि वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

सामाजिक और नैतिकमूल्य : -

भारतीय ज्ञान परंपरा ने जीवन के नैतिक और सामाजिक पहलुओं को समझाने में मदद की है। अहिंसा, सत्य, और धर्म के सिद्धांत भारतीय समाज के नैतिक ढांचे को प्रभावित करते हैं और सामुदायिक जीवन मे सामंजस्य बनाए रखने में सहायक होते हैं।

आध्यात्मिक उन्नति : -

